THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB): He was not making a statement. He just replied to some of the points. Mr. Chidambaram was trying to help you in getting information. It was not a statement at all. He said it is information.

SHRI DIPEN GHOSH: Then what is that? How it is recorded? Let me understand what is that.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Listen, Mr. Dipen Ghosh. I allowed you and now you are not allowing me to speak. Please sit down. No, this is not the correct procedure. Mr. Reddy, you please sit down. You see, Mr. Gurudas Das Gupta and Mr. Gurupadaswamy came to me this morning and they wanted to raise this matter. Though it was not on the agenda, they said it was urgent, some lathi charge had taken place, they were women and therefore they said that this matter they should be allowed to raise. I also agreed, "all right, you can raise it for some time" and I allowed them to raise it. They have raised it. They wanted information from the Government and Government has given the information. Even now you want to go on with this. How can it be allowed? You want to change the whole procedure. No, Madam, I allowed you and you had your full say. Whatever you had to say, it was allowed. Now you are again going far beyond the procedure. It is upsetting the procedure of the House. You cannot go on like that. No, Madam, please sit down. It cannot go on record. It cannot go on. Please cooperate. I have cooperated with you; you please cooperate with me. This is going beyond the limit. Please sit down. This is not a debate. There cannot be questions and answers. I allowed you to say whatever you wanted to say. Now it cannot go on like this. Please sit down. Now Mr. Kalpnath Rai.

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Need to ensure remunerative prices to farmers for their agricultual produce and steps taken by Government in this regard

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश): आदरणीय उपसभापति महोदया, मैं आपकी अनुमति से किसानों को उनकी कृषि उपज के लाभकारी मूल्य दिलाने की आवश्यकता और इस संबंध में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की ओर कृषि मंत्री का ध्यान दिलाता ।

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI YOGENDRA MAKWANA): Madam, the Hon'ble Members have mentioned about "the need to ensure remunerative prices to farmers for their agricultural produce and the steps taken by Government in this regard". As I have stated on earlier occasions in this House the agricultural price policy of the Government is primarily directed towards ensuring remunerative prices to the agricultural producers and safeguarding their interests. In every season, Government announces procurement/minimum support prices of important crops for this purpose keeping in view the recommendations of the Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP), the views of the State Governments, the concerned Central Ministries and the Planning Commission. The Government, whenever required, undertakes price support operations through public and cooperative agencies.

The recommendations on procurement/minimum support prices are made by the Commission for Agricultural Costs and Prices keeping in view a number of factors, such as, the cost of production of crops, changes in input prices, inter-crop price variations, changes in the "terms of trade" between agricultural and non-agricultural sectors, general economic conditions prevailing in the country, etc.

The cost of production data which are made use of by the Commission are based on comprehensive country-wide studies carried out mostly by agricultural universities in accordance with the concepts, methodology and sampling design worked out by experts. In arriving at cost of production estimates, full account is taken of the value of all inputs, such as, human labour both hired and family, bullock labour, seeds, fertilizers, insecticides, machine labour, irrigation, etc. The cost estimates also take into account depreciation on implements, machinery and farm buildings, interest on working capital and fixed capital, rent of leased land as also imputed rent of owned land and other miscellaneous expenses which the farmer has to incur in his farming operations. As such, the cost of production covers not only paid out costs but also imputed value of owned assets including land and family labour for which the farmers do not incur cash expenses. The CACP duly takes into account any increase in the cost of inputs from year to year while making its price recommendations. While fixing support/procurement prices, it is ensured that these cover cost of production and also provide a reasonable margin of profit to give incentive to farmers for investment and adoption of improved technology.

The Government is fully alive to the needs of the farmers and spares no efforts to see that they receive remunerative prices for their produce.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उप-सभापति जी, माननीय मंत्री जी ने जो उत्तर दिया है, मैं उसी के संबंध में कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

बाढ़ सुखाड़ के कारण हिंदुस्तान के सात लाख गांवों में रहने वाले किसानों की हालत आज ठीक नहीं है, चाहे वह पहाड़ में सेब पैदा करने वाले किसान हों, चाहे बंगाल में जूट पैदा करने वाले वाले किसान हों ...

उपसभापति : कल्पनाथ राय जी आपको टाईम का ख्याल रखना है, क्योंकि इसको जल्दी समाप्त करना है।

श्री कल्पनाथ राय : चाहे गन्ना पैदा करने वाले किसान हों, चाहे कपास पैदा करने वाले महाराष्ट्र के किसान हों, या धान, गेहूं पैदा करने वाले उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा के किसान हों, उनको जो सरकार ने तय किया है, उसके अनुकूल दाम नहीं मिल रहे हैं।

1980 में केन्द्रीय सरकार की कैबिनट ने श्रीमती इन्दिरा गांधी की अध्यक्षता में यह तय किया कि किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों और कारखानों में पैदा होने वाली वस्तुओं के दामों में संतुलन स्थापित किया जाएगा। मैं कृषि मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वह जो सिद्धांत सरकार ने तय किया, उसके अनुकूल सरकार आचरण नहीं कर रही है। आपको मालूम होगा कि सरकार एडमिनिस्टर्ड प्राइस तय करती है। अब दो साल पहले सरकार ने लोहे का दाम तय किया, रु० 300 क्विंटल से बढ़ाकर लोहे का दाम रु० 600 क्विंटल हो गया, लेकिन आपका गेहूं या धान का दाम अढ़ाई रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बढ़ा, तो क्या यह सरकार के सिद्धांत के अनुकूल आता है ?

अब तीन सवाल उठते हैं। एक वह है कि जो किसान के खेतों में चीजें इस्तेमाल होती हैं, एग्रीकल्चरल इनपुट्स इनके दाम किस रफ्तार से बढ़े हैं और जो किसान खेतों में पैदा करता है, उसके दाम किस हिसाब से बढ़ा है और जो किसान अपने जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सामान खरीदता है, उसकी क्या कीमत है ?

मेरा सरकार से कहना है कि जो इनपुट्स खेतों में इस्तेमाल होते हैं, किसानों का आज के पहले खेती में कोई खर्चा नहीं था, वह अपने बैलों से निस्संदेह अपना खेत जोतता था, अपने तालाब से सिचाई करता था, अपने बैल का गोबर खेत में खाद के रूप में इस्तेमाल करता था और वह फल पैदा करता था। लेकिन आज किसान को फसल पैदा करने के लिए फर्टिलाइजर का भी इस्तेमाल खरीद कर

[श्री कल्पनाथ राय]

करना पड़ता है, ट्रैक्टर का भी इस्तेमाल करना पड़ता है, बिजली का इस्तेमाल करना पड़ता है, इनसैक्टिसाइड तथापैस्टिसाइड का भी इस्तेमाल करना पड़ता है आज उसे ट्रैक्टर का इस्तेमाल भी पैसा देकर करना पड़ता है। इसके साथ ही उसको नहर का पानी या ट्यूबवैल का पानी भी पैसा देकर लेना पड़ता है।

इसी लिए जो एग्रीकल्चर इनपुटस हैं उनके दाम उसके लिए बहुत ज्यादा बढ़ गये है, बिजली का दाम भी बढ़ गया है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार की जो नीति है, सरकार ने जो श्रीमती गांधी की अध्यक्षता में सिद्धांत तय किया कि करखानों में पैदा होने वाली वस्तुओं और खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में संतुलन स्थापित किया जाएगा, तो क्या सरकार ने संतुलन स्थापित किया है। जो खेतों में इनपुटस इस्तेमाल होते है, उनके दाम में और जो किसान अपने खेतों में पैदा करता है, उसके दाम में क्या संतुलन है?

मेरा दूसरा निवेदन यह है कि जो कारखानों में चीज पैदा होती है, जिसको इस्तेमाल किसान करता है अब तेरह सौ करोड़ रुपये का तेल सरकार विदेशों से मंगवाती है। राजस्थान के गंगानगर में सरसों पैदा हुई। सरकार ने सरसों का दाम 385/–रु० क्विंटल तय किया और किसानों को तीन सौ रूपये क्विंटल भी दाम नहीं मिला। आज बाजार में सरसों का तेल 35 रु० किलों के हिसाब से बिक रहा है जो सरसों किसान ने पैदा की और जो आज बाजार में सरलों का तेल मिल रहा है, दोनों के दामों में क्या कोई सन्तुलन है? किसान आलू पैदा करता है। सरकार किसान से 40 रु० क्विंटल के हिसाब से आलू खरीदती है प्रोक्योरमेंट प्राइस है यानी एक रुपये में ढाई किलो और आलू बाजार में चार रुपये पाच रुपये किलो बिक रहा है तो जिस किसान ने आलू पैदा किया वह भी मारा गया और जिसने आलू को खरीदा उसको भी बहुत महंगे दाम पर वह मिला। इसलिए जो पैदा करने वाला किसान है उसको भी उचित मूल्य नहीं मिलता और जो उस आलू का उपभोग करता है उसको भी बहुत महंगें दाम पर आलू मिलता है उसमें बिचोलिए करोड़ें रुपये खा रहे हैं। मैंने उदाहरण के लिए सरसों के तेल का उदाहरण रखा और आपके सामने आलू का उदाहरण भी रखा। इस प्रकार किसान जिन चीजों को खेतों में पैदा करता है उनका दाम बहुत सस्ता और जो उन चीजों का उपभोग करता है उसको वे चीजें बहुत महग दाम पर खरीदनी पड़ती है और बीच का सारा मनाफा बिचौलिये ले जाते हैं माननीय उपसभापति महोदया, सरकार ने यह तय किया और 1984 में राजीव गांधी जी ने जो कि हमारे प्रधान मंत्री हैं उन्होंने बम्बई में एक सभा में कहा कि अब तक तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमीशन दाम तय करता था लेकिन अब एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन होगा जिसके करीब 7 सदस्य होंगे, जिसमें उपभोक्ता के, उत्पादन करने वाले के उत्तर, दक्षिण के, पूर्व के, पश्चिम के, ड्राई लैंड के, वैट लैंड के लेबरर्ज के सब के प्रतिनिधि होंगे पहले कास्टिंग होगी और तब प्राईसिंग होगी। उप सभापति महोदया, दिसम्बर, 1984 में प्रधान मंत्री ने एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन बनाने की घोषणा की और 1985 में सदन के अन्दर कृषि मंत्री श्री बूटा सिंह ने घोषणा की थी कि एक महीने के अन्दर एग्रीकल्चरल कास्ट एड प्राईज कमीशन बनायेगा। फिर 1986 में सरकार ने इसी सदन एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जबाब में कहा कि एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन बन जायेगा। अब 1987 है और आज तक एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन की जो पूरी मैम्बरशिप है उसको नोमीनेट नहीं किया गया और एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन नहीं बना। एग्रीकल्चरल प्राइस कमीशन को आप अपने वक्तव्य में एग्रीकल्चरल कास्ट एंड प्राइस कमीशन कहते हैं और चार वर्षों में आपने यह प्राइस कमीशन नहीं बनाया। यहां कृषि मंत्रालय में हजारों कर्मचारी है सैक्रेटरी है ज्वाइंट सैक्रेटरी है और पता नहीं कौन-कौन है लेकिन आज तक वह एग्रीकल्चरल कास्ट

एंड प्राइस कमीशन जिसकी घोषणा प्रधान मंत्री ने की थी, चार-चार वर्षों बाद भी नहीं बनाया। यदि यह कमीशन नहीं बनाया तो फिर आप किसान के खेतों में पैदा होने वाली चीजों के उचित दाम कैसे तय करेंगे। देश के अन्दर बाढ़ और सुखाढ़ है और यहां सौ वर्ष के अन्दर देश में सब से भयानक सूखा पड़ा हुआ है देश के कुछ इलाकों में जो बाढ़ आई है।

उपसभापति : समाप्त कीजिए।

श्री कल्पनाथ राय : और अधिकांश लाकों में सूखा पड़ा हुआ है। जब किसान बैंक से कर्ज लेकर कोआपरेटिव से कर्ज लेकर फर्टिलाइजर खरीदता है, ट्रैक्टर का पैसा देता है पेस्टीसाइड्स और इन्सैक्टीसाइड्स का इस्तेमाल करता है, बाढ़ आई तो फसल नष्ट हो गई और सूखा आया तो फसल नष्ट हो गई। परिणामस्वरूप हिन्दुस्तान के सात लाख गांवों के किसान आज 99 फीसद किसान कर्ज से लदे हुए हैं। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस सवाल के ऊपर आप गंभीरता से विचार करें। आदरणीय उपसभापति महोदया, सातवीं पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य लिखा हुआ है कि हम उत्पादन उत्पादकता और रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। मैं आपसे कहना चाहता हूं निवेदन करना चाहता हूं कृषि महोदय से कि आठवी पंचवर्षीय योजना जो सरकार बनाने जा रही है उस योजना में यदि सरकार ने गारन्टी बिजली और गारन्टी खेतों को पानी देने की व्यवस्था नहीं की तो जो हमारा हिन्दुस्तान आज खाद्यान्न के मामले में आत्म-निर्भर है आने वाले जमाने में उसे बहुत बड़े संकट का मुकाबला करना पड़ेगा।

आदरणीय उपसभापति महोदया, आखिरी बात कहना चाहूंगा रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार कारखानों में बनने वाली वस्तुओं के दामों में 300 गुना की बढ़ोतरी हुई है जबकि किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों में 9 प्रतिशत की भी वृद्धि नहीं हुई है। जो प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट है उसका भी सरकार अध्ययन करे और यह जो रिजर्व बैंक की रिपोर्ट आयी है, इसका भी अध्ययन करे।

आदरणीय उपसभापति महोदया आज हमारे देश का यह दुर्भाग्य है कि देश के करोड़ों-करोड़ किसानों के पेट का जहां सवाल है बाढ़ और सुखाढ़ से सारा देश त्रस्त है वहीं हमारे कुछ जनघाती और राष्ट्रघाती लोग जो जनतंत्र की जगह राजतंत्र लाना चाहते हैं और जिन्होंने अपने जमाने में अपनी हुकूमत के दौरान किसानों को केवल बर्बाद किया, उन्हें हिन्दुस्तान के इन करोड़ों किसानों के पेट से बाढ़ और सुखाढ़ से कोई रिश्ता नहीं है बल्कि किसी की चरित्र-हत्या को ही राजनीति की रानी समझते हैं। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि हर चीजों के दाम बढ़े हैं तो सरकार की अपनी ही जो उसकी नीति है उसके अनुसार किसानों के खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दामों ... (समय की घंटी)।

एक बात आखिरी कहकर खत्म करूंगा। आदरणीय उपसभापति महोदया भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने एक प्रस्ताव जो प्रसारित की है उसके अनुसार :—

"Prices of Farm Inputs: Prices of farm inputs have gone high in comparison to the prices of farm produce received by the farmer in the market. Farm inputs be declared essential commodity and a separate Agricultural Inputs Prices Commission be set up to fix and regulate their prices.

Survey on Agricultural Price Parity: Recently Prof. Swami and Dr. Gulati of Delhi University have surveyed the price parity of farm produce and farm inputs since 1971 to 1981, and declared, thousands of crores of rupees loss to Indian farmer. Convention appreciates their efforts and asks the Government to now take decision in favour of the farmers and fix remunerative prices so that further loss may not be incurred to Indian Farmer."

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please excuse me, I cannot allow you to go like that.

SHRI KALPNATH RAI: I will take only one minute.

"Treat Agriculture as Industry: Convention asks Government that agriculture be declared as an Industry.

National Agro-Industries policy be made and all facilities extended to industries be extended to agriculture also."

THE DEPUTY CHAIRMAN: Thank you.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि वह अपनी ही नीति के अनुकूल अपने किसानों को रेमुनरेटिव प्राइस दे तो हिन्दुस्तान के किसान जहां आत्मनिर्भर बने वहीं हमारा देश शक्तिशाली बनेगा ।

SHRI DARBARA SINGH (Punjab): May I draw the attention of the hon. Minister to the second para of his statement?

THE DEPUTY CHAIRMAN: You can ask it afterwards. Not now.

SHRI DARBARA SINGH: He has to reply to that point.

उपसभापति : अच्छा बताइये ।

SHRI DARBARA SINGH: The Minister has said that the minimum support price is made by the C.A.C.P. keeping in view the cost of production of crops, changes in input prices, inter-crop price variations, changes in the "terms of trade" between agricultural and non-agricultural sectors. Will he kindly explain this point in detail?

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Chitta Basu. Absent. Shri Ram Chandra Vikal.

श्री राम चन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदया,... **(व्यवधान)** ...

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) : माननीया यहां पर ऐसा नहीं है । यह तो गलत परम्परा है... **(व्यवधान)**...

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : माननीया, नाम तो सबके हैं । पार्टीवाइज नाम आने चाहिये... **(व्यवधान)**.. विकल जी मैं आपके लिये नहीं कह रहा हूं जो व्यवस्था डाली है वह गलत हो जायेगी ।

उपसभापति : आप बराबर कह रहे हैं । लेकिन अभी अरेंजमेंट ऐसा हुआ है कि कांग्रेस पार्टी के सदस्य ज्यादा हैं इस लिये उनकी तरफ से दो लेने हैं और फिर आपका है क... **(व्यवधान)** ...

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : तो बाद में दे दीजिये इन्हें ।

उपसभापति : आप बाद में बोलेंगे विकल जी ?

श्री राम चन्द्र विकल : मुझे क बजे मीटिंग में जाना है ।

उपसभापति : एक बजे मीटिंग में जाना है इन्हें तो बोलने दीजिये ।

श्री राम चन्द्र विकल : माननीय उपसभापति महोदया, पिछले सप्ताह प्रश्नकाल में माननीय कृषि मंत्री जी से सवाल हो रहा था कि किसानों को उनकी लागत और मेहनत के मुताबिक दाम मिल रहे हैं या नहीं ? यह सवाल भी था कि जो कृषि लागत मूल्य आयोग बना है उसके कौन-कौन से मेंबर हैं ? उसने क्या सिफारिशें की हैं । उस सवाल से उस दिन यह संतुष्टि नहीं हो रही कि कृषि लागत मूल्य आयोग के मेंबर कौन कौन हैं और उन्होंने कब-कब रिपोर्ट दी है । उसके बाद यह आधे घंटे की चर्चा बढ़कर ध्यानाकर्षण पर चली गयी । आज भी मंत्री महोदय ने जो अपना वक्तव्य दिया है उससे यह जाहिर नहीं होता कि किसान को उसकी लागत के मुताबिक दाम मिल रहे हैं या नहीं ? उपसभापति महोदया, मैं गांव का आदमी हूं, गांव की बातें जानता हूं कि हाला का पेट हीले

[श्री रामचन्द्र विकल]

से नहीं भरता । यह हमारे गांव की कहावत है । जो हल चलाता है उसका पेट अच्छी-अच्छी बातों से नहीं भरता । मंत्री जी का वक्तव्य तो सारगर्भित है, लेकिन उससे वह मामला हल नहीं हुआ जो यह सदन चाहता है । सच्चाई यह है कि किसान उत्पादक और उपभोक्ता दोनों है । पैदा भी करता है और खरीदता भी है । इस देश का दुर्भाग्य यह है कि किसान को उत्पादक समझा जा रहा है, वह उपभोक्ता भी है, यह नहीं समझा जा रहा है । मैं किसान की हालत जानता हूं । एक-दो फीसदी किसानों को छोड़कर 98 फीसदी किसान, जोकि गरीब होता है, वह मजबूरी में कर्जा चुकाने के लिए बिना भाव अपनी फसल को बेचने को मजबूर होता है । वह एक महीने बाद हर चीज खरीदना शुरू कर देता है । जो उसकी खरीद की चीजें हैं, वह ज्यादा मंहगी हैं और जो वह बेचता है वह सस्ता है । दूसरे आज कल्पनाथ राय जी ने चर्चा की और कृषि मंत्री जी भी जानते हैं कि आज खेती व्यापारिक दृष्टि से हो रही है । आज चाहे ट्रैक्टर हो, चाहे खेत हो, चाहे सिचाई हो, चाहे बिजली हो, चाहे मजदूर हों--ये सब मंहगे हो गए हैं । लेकिन उसकी लागत के दाम उसे नहीं मिल रहे हैं । मैं कृषि मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आपने कृषि लागत मूल्य आयोग बनाया कि नहीं ।

श्री कल्पनाथ राय : नहीं बनाया ।

श्री राम चन्द्र विकल : आपका जोश तो ठीक है कल्पनाथ जी, लेकिन जोश में मुझे भी अपनी बात कह लेने दो । मैं उपसभापति महोदया, आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि आपने उस दिन सवाल के जवाब में कहा कि कृषि लागत मूल्य आयोग बन गया है । उसने सिफारिशें की हैं और उसके मुताबिक हम दाम दे रहे हैं । यह कई बार कहा है । आज मैं पुनः जानना चाहता हूं कि कृषि लागत मूल्य आयोग कब बना है ? उसके मेंबर कौन-कौन हैं ? उसकी क्या-क्या सिफारिशें हैं और कब-कब की हैं और उसके मुताबिक उसे गेहूं, गन्ना, जूट, नारियल, कपास, सब्जी--जो भी किसान पैदा करता है, आपने कौनसी कीमतें दी हैं । उपसभापति महोदया, मुझे मालूम है किसान का बच्चा, उसका बाप चौबीस घंटे, दिन-रात, उनका कोई टाइम नहीं है, मेहनत करते हैं और किसान भी चौबीस घंटे लगा रहता है । फिर चाहे वह हरित क्रांति कर दे, श्वेत क्रांति कर दे--जब भी किसान पैदावार बढ़ाएगा, होना तो यह चाहिए कि उसको इनाम दिया जाये, पारितोषिक दिया जाये । उल्टा यह जुर्माना होता है उन पर अगर उन्होंने अधिक पैदा किया क्योंकि इससे कीमतें गिर जाती हैं और किसान निराश हो जाता है । फिर वह पैदावार करने के लिए उत्साहित नहीं होता । मैं चाहूंगा कि अगर देश की पैदावार बढ़ानी है, जैसा मंत्री जी ने कहा कि दूध की पैदावार बढ़ानी है या सबको दूध देना है तो उससे बनने वाली चीजों पर आपने पाबंदी लगा रखी है, मैं उस पर बाद में कभी कहूंगा, लेकिन आप पीने का पानी भी हैं नहीं दे रहे हैं तो दूध कहां से देंगे ? सारी जिम्मेदारी सरकार लेती जाएगी और उसको नहीं निभा पाएगी तो उसका कारण यही है कि किसान व मजदूर जो है वह बड़ी मात्रा में पैदावार करने के लिए प्रोत्साहित नहीं होता । समाज में उसको आदर नहीं मिलता । उसको आदर और साधन आप दें तो वह भूखे रहकर भी उत्पादन कर सकता है । लेकिन जो जगह बदलने वाला व्यापारी है, जो शक्ल बदलता है उसका मुनाफा कहीं ज्यादा है बजाय उसके जो पैदा करता है चीजों को । यदि आप उद्योगपतियों का मुनाफा बढ़ाते हैं तो फिर किसान को हतोत्साहित करते हैं उत्पादन करने के लिए । यदि आप उसको उचित दाम दें, उसको समाज तक सम्मान दें, तो मैं समझता हूं कि देश की पैदावार बढ़ेगी और हरित क्रान्ति और श्वेत क्रान्ति किसान देश में ला सकेगा । इसके साथ ही मैं यह भी आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप इस बात पर विचार करें कि आप जो मूल्य निर्धारित करते हैं, जो लागत किसान की निर्धारित करते हैं वह आप कैसे करते हैं ? किसान की जो लागत है उसके आधार

पर करते हैं तो उसके लिए जो आप कृषि मूल्य लागत आयोग या कमेटी बनाने जा रहे हैं उसमें आप किसानों को उचित दाम दिलाएं तभी देश समृद्ध हो सकता है और अनाज की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।

उपसभापति : मैं चाहती हूं कि यदि आप लंच ब्रेक न लें तो सभी लोग इस पर बोल सकते हैं। आप लोग केवल 5 मिनट लें ताकि हम इसको लंच टाइम तक पूरा कर सकें।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Karnataka): Madam, may I make a submission? We can sit for half an hour more and give a break, lunch break.

THE DEPUTY CHAIRMAN: It is up to the Members. If you finish within the time allotted, we can have. I have nothing to say.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: It is not possible. There are a number of Members.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is why I said that. Let the Members speak. The lunch break will not be there.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : माननीय उपसभापति महोदया, किसान की बारी आते आते समय की भी गति रुक जाती है और भोजन की भी आवश्यकता समाप्त हो जाती है। लगता है कि किसान की वस्तुस्थिति का चित्रन इन दो बातों से ही हो जाता है। मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि हर खेत को पानी दे दें, वह हर हाथ को काम दे देगी और हर मुंह को खाने को भी देगी। इस मूल आधार को भारत सरकार अगर मान ले और कारगर ढंग से उसके लि काम करे तो इसका निराकरण हो सकता है।

महोदया, किसान के उपज मूल्यों पर भाषण बहुत हो सकता है, लेकिन समय की सीमा देखकर मैं कुछ तथ्य के प्रश्न आपसे पूछना चाहता हूं। अभी हमारे माननीय रामचन्द्र विकल जी ने भी कहा है कि कृषि मूल्य आयोग में जो संख्या बढ़ाई गई है उसमें क्या नए सदस्यों का समावेश कर लिया गया है? अगर कर लिया गया है तो जिनका समावेश किया गया है वे किसके प्रतिनिधि हैं? बड़े किसानों के, मध्यम किसानों के या छोटे किसानों के प्रतिनिधि हैं? क्या वे बटाईदारों का या मजदूरों का प्रतिनिधित्व करते हैं? अगर समावेश नहीं किया गया है तो उनका कब तक समावेश किया जाएगा और उनका उपयोग किया जाएगा?

महोदया, मूल्य निर्धारण की बात पर मैं पहले भी कई बार कह चुका हूं और आज भी कहना चाहता हूं? मूल्य निर्धारण का मापदंड पंजाब के किसानों की उपज है या बिहार के जहां एक फसल होती है और वह भी कम होती है? तो मूल्य निर्धारण किसके ऊपर है? मुझे पता है कृषि सलाहकार समिति में एक बार पूर्व कृषि मंत्री जी की अध्यक्षता में बैठक हो रही थी तो मूल्य निर्धारण करने वाले अध्यक्ष भी बैठे थे और उसमें बहस के अंत में उन्होंने कहा कि आपको जितनी बहस करनी हो कर लो, मूल्य निर्धारण की जिम्मेदारी तो हमारी है, हम करेंगे। उस समय मैंने इस बात को उठाया था कि अगर मूल्य निर्धारण इन्हीं को करना है तो हम लोगों का यहां पर विचार करने की क्या जरूरत है? इस तरह की बैठक और इस तरह की बात यहां पर क्यों हो। मैं समझता हूं मंत्री महोदय उस समय भी चुप रह गये और आज भी इसके लिए चुप हैं। मंत्री जी ने कहा था कि मूल्य निर्धारण के पहले जो सदस्य गण हैं और विधायक हैं उनसे मिल लेंगे जगह-जगह पर। लेकिन आज तक इन्होंने मिलने का कोई प्रयास नहीं किया और मंत्री जी के सचिवालय में इस ओर ध्यान भी नहीं दिया गया।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जब कृषि मूल्यों की बात कही जाती है तो सीधी बात अनाज पर चली जाती है, जो किसान उत्पादन करता है उस पर चली जाती है। इससे लगता है मूल्य में

[श्री जगम्दबी प्रसाद यादव]

कुछ बात बढ़ रही है। लेकिन मूल्य निर्धारण कुछ और देशों में भी होता है। उसका उदाहरण भी लेना पड़ेगा तभी शायद कृषि मंत्री, कृषि मंत्रालय और समाज को उसमें करने में सहायता मिलेगी। जापान खेती करता है वहां पर 7 परसेंट लोग खेती करते हैं वहां पर दो तरह के कृषि मूल्य दिये जाते हैं। एक तो उन को स्प्रिंकलर वाटर भी अनुदान में दिया जाता है। दूसरी तरफ उनकी चीजों की कीमतें इस प्रकार से रखी जाती है कि किसान उन चीजों को आसानी से उठा सके। वहां पर एक तरबूज 100 रुपये से ऊपर है, एक खरबूजा 35 रुपये से ऊपर है और सेब और नारंगी 5 से 10 रुपये है। घर बैठे किसान को मिल जाता है। विकल जी कहते हैं कि किसानों को पानी अनुदान में मिलना चाहिए और फिर पानी से बनने वाली जो बिजली है, मैं यह कहता हूं कि इसके लिए अनुदान की बात तो अलग, उनको बराबर बिजली मिलती रहे इसकी व्यवस्था आप कर दीजिए। उसके बाद खाद की व्यवस्था कीजिए। जब आप कहते हैं कि किसानों के मूल्य में वृद्धि हुई तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि आज से 5 वर्ष पहले जिस गति से खाद की उपयोगिता किसानों ने शुरू की थी आज उस गति में कितना धीमापन आ गया? आप कहते हैं कि खाद का खर्च बढ़ा है। बढ़ा इसलिए है कि सिंचाई का क्षेत्र बढ़ा है और सिंचाई का क्षेत्र बढ़ने के कारण खाद की कुछ बिक्री बढ़ी है लेकिन खाद की जिस गति से वृद्धि होनी चाहिए थी उस गति से नहीं हुई। आप कितने प्रति किलो प्रति हेक्टेयर में देते हैं उस दृष्टि से जापान और दूसरे विकसित देश जो कृषि में विकसित नहीं माने जा सकते उद्योग में भले ही विकसित हैं, लेकिन खाद के मामले में हमारी उनकी पैरिटी नहीं है। जब तक उस पैरिटी में नहीं जाते तब तक किसान के उत्पादन की बात किस तरह से करते हैं इस बात के बारे में जानकारी लेना चाहता हूं।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि किसान का 90 लाख परिवार है और 90 लाख परिवार में से 65 लाख परिवार छोटे किसान का है जिसके जिम्मे 75 परसेंट जमीन है। मैं जानना चाहता हूं कि राष्ट्रीय नीति में छोटे किसानों के उत्पादन के सामान की बिक्री की क्या व्यवस्था की है? मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि छोटे किसान, बटाईदार, खेतिहर मजदूर जो हैं, वे भी अनाज बेचते हैं कपड़े के लिए, कर्ज के लिए, दवा के लिए लेकिन कभी आप कल्पना नहीं कर सकते वे छोटे किसान, बटाईदार और सीमान्त किसान किस तरह से लूटे जाते हैं। उनको किसी भी कीमत पर बिचौलिये बाजार से ज्यादा कीमत नहीं देते। भारत सरकार की जब तक कोई व्यवस्था सहकारिता के रूप में नहीं होगी तब तक छोटे किसान के लिए, सीमान्त किसान के लिए बड़ी मुश्किल है। न किसानों के पास इतनी ताकत नहीं होती कि वे इस सामान को रख कर कीमत अधिक ले सकें। हमारे देश में जो किसान

1.00 P.M.

परिवार हैं, जो सीमान्त किसान है, उनकी बटाईदारों की क्या स्थिति है, इस पर विचार करने की जरूरत है।

उपसभापति : बोलने वाले 10 सदस्य है, इसलिए आप जल्दी समाप्त कीजिये।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : सरकार ने पुस्तक प्रकाशित की है उसमें चार चीजें दी हैं। उचित भूमि, जल और उत्पादन के अन्य स्रोत, जीवन स्तर का खर्चा और कृषि पर होने वाला खर्चा, ये चार तत्व आपने बताये हैं। अगर इन बातों का सही रूप में विश्लेषण करें तो आपको पता चलेगा कि किसानों की हमारे देश में आज क्या हालत है।

दूसरी बात जिसकी तरफ मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं वह यह है कि रेफरेन्स के तौर पर श्री कल्प नाथ राय जी ने उसका जिक्र किया है, किसान जो चीजें पैदा

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

करता है और जो चीजें वह उपभोग में लाता है, उनकी कीमत क्या है? अगर आप इसको अच्छी तरह देखें तो पता चलेगा कि किसान जो चीजें पैदा करता है उनकी कीमत तो कम होती है और जो चीजें वह उपयोग में लाता है उनके दाम उसको ज्यादा देने पड़ते हैं। मेरे पास एक चार्ट है, उससे यह पता चल जाएगा कि चीजों के दामों में कितना अन्तर है। जिन सभी चीजों की कीमत पहले से 22 प्रतिशत बढ़ी है उनके दाम, कुछ की 67 प्रतिशत बढ़ चुके हैं। मसाले की कीमत में 68 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खाने के तेल में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दालों में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गुड़ में 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। धनिये की कीमत में 11.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लहसुन में 325.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लाल मिर्च में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरसों के तेल में 54 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। तिल के तेल में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और मूंगफली के तेल में 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस प्रकार से आप देखें तो किसानों पर महंगाई का भार बहुत बढ़ गया है। किसान जो चीजें बेचता है उसकी कीमत तो कम होती है और वही चीजें जब उसे बाजार से खरीदनी पड़ती हैं तो उनके दाम ज्यादा होते हैं। ऐसी स्थिति में किसान क्या करे? खाद की बात मैं आपसे कह चुका हूं। आपने किसान द्वारा पैदा की जाने वाली चीजों के दाम तो निश्चित कर दिये, लेकिन कारखानों में जो चीजें पैदा होती हैं उनके दामों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

जब किसानों की बात आती है और उनकी चीजों के दाम निश्चित करने की बात आती है तो आप उपभोक्ता को भी साथ ले लेते हैं। जब किसानों द्वारा उत्पन्न करने वाली चीजों के दाम निश्चित करते समय उपभोक्ताओं का ध्यान रखते हैं तो उसी तरह से कारखानों में जो चीजें पैदा की जाती हैं उनके दाम निश्चित करते समय भी उपभोक्ताओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। श्री कल्प नाथ राय जी ने इनपुट्स की बात कही। पहले जिस पावर टिलर ट्रैक्टर के दाम 12 हजार रुपये थे अब उसके दाम 32 हजार और 40 हजार तक हो गये हैं। ऐसी हालत में गरीब किसान कैसे ट्रैक्टर खरीद सकता है। मैंने कृषि मंत्रालय को जब इस संबंध में लिखा तो मुझे कहा गया कि आप वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय को पत्र लिखिये। मैंने तीनों मंत्रालयों को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है। अगर छोटे किसानों के लिए कोई रियायत दी जाएगी तो उसका फायदा बड़े किसान उठा लेंगे। उनका यह भी कहना था कि जो भी सुविधा छोटे किसानों को दी जाती है उसका फायदा बड़े किसान उठा लेते हैं। इसलिए यह संभव नहीं है। पंचवर्षीय योजनाओं में हमने देखा जो पैसा गरीब लोगों तक पहुंचना चाहिए वह उन तक नहीं पहुंच पाता है। यह ठीक है कि आपके पास साधन नहीं हैं, लेकिन जो भी साधन हैं उनको आम लोगों तक, किसानों तक पहुंचाने के लिए ऐसे कदम उठाये जाने चाहिए जिससे गरीब लोगों को उनका फायदा पहुंच सके। राज्य सरकारें राज्यों में हैं और एक दर्जन से अधिक अधिकारी भी जिलों में किसानों के लिए रखे गये हैं, लेकिन वे किसानों के मालिक हैं, किसानों के सहयोगी नहीं हैं। मैं परसों भी आपसे बात कर रहा था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने बहुत बड़ी हरित क्रांति की इसके नंगाड़े पीटे जाते हैं लेकिन हरित क्रांति किसने की? साधनों ने, बौरलोग के बीज, व्हीट के बीज और मैज के बीजों के ब्रेक थ्रू ने। आज भी एक चुनौती भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सामने है। आज भी दलहन और तिलहन की नितांत कमी है। उस

कमी को पूरा करने के लिये इन बीजों का ब्रेक थ्रू करने की आवश्यकता है। आज श्वेत क्रांति की बात कही जाती है। मुझे आश्चर्य होता है कि आज कृषि मंत्रालय 75 करोड़ रुपये का बटर आयल, घी और दूध लाकर शहरों में बांट देता है। आज भी दिल्ली मे 9 लाख लीटर इसका दूध बांटते हैं और इस तरह आप श्वेत क्रांति कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इन गरीब किसानों को जो दूसरा प्राइस मिलना चाहिए वह है उनके मवेशी। मुझे कृषि मंत्रालय बता दे कि इन 65 लाख छोटे परिवारों को आपने कौन से अच्छे नस्ल के मवेशी दिये हैं ताकि वे उनकी जीविका का सहारा बन सकें। मुझे इस बात की तकलीफ है कि गैंजेटिक प्लेन में रहने वाले जो किसान हैं इन किसानों की फसल हर साल डूब जाती है, खेत कटते हैं, मिटते हैं बाढ़ से। इसके लिये मैं चाहूंगा कि कोई भी योजना, जो कि इस समय न योजना मंत्रालय में हैं और न कृषि मंत्रालय में, वे सिर्फ प्राइस की बात करेंगे। प्राइस की बात आप उससे करें जो प्राइस लेने की शक्ति रखता हो, जो अपनी पैदावार को रखकर प्राइस रख सके लेकिन सरकार इस बारे में बात नहीं करती है।

[उपसभाध्यक्ष (श्री० हेच० हनुमनतप्पा) पीठासीन हुए]

मैं दूसरी बात आपसे यह कहना चाहता हूं कि कृषि का उचित प्राइस मिल सकता है अगर आप क्राप प्लानिंग करें। आज तक क्राप प्लानिंग नहीं हुई है। इसके न होने के कारण किसान को यह पता ही नहीं चलता है कि कौन सी चीज वह पैदा करे जिससे उसको अधिक दाम मिले। इसलिये इसकी व्यवस्था होना आवश्यक है।

आपने जो इंश्योरेंस की बात की है वह इंश्योरेंस आप कहां डाल रहे हैं। वह किसानों तक पहुंचा है क्या? वह किसानों तक नहीं पहुंच रहा है। प्राइस देने की व्यवस्था जो है, लाभकारी प्राइस सब किसानों को नहीं मिल पा रहा है। इसलिये मैं जानना चाहता हूं कि क्राप प्लानिंग की व्यवस्था आप कब तक कर पाएंगे?

दूसरी बात जो किसानों के संबंध में है वह यह है कि जब तक किसानों को कृषि का मैनेजमेंट नहीं पढ़ाया जायेगा तब तक उनको उसकी ठीक से जानकारी नहीं हो पायेगी। किसान कौन सा अनाज बोये, कौन सा प्लान्ट लगाये, कैसे लगाये जमीन की मिट्टी क्या कहती है कितनी खाद मांगती है इसका ज्ञान होना आवश्यक है। गैंजेटिक प्लेन में मिट्टी में जिंक की कमी के कारण 30 प्रतिशत फसल मारी जाती है। यदि उनको बता दें तो उनको पूरी फसल मिल सकती है। लेकिन वहां पर जिंक फर्टिलाइजर की व्यवस्था नहीं है और किसान जानता भी नहीं है और वह उसका उपयोग नहीं कर पाता है। तो इस तरह से जब मैनेजमेंट की बात हमने अनेक किसानों से पूछी तो उन्होंने कहा कि कृषि मैनेजमेंट की आज नितान्त आवश्यकता है। अगर बिजनेस मैनेजमेंट हो सकता है, बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई हो सकती है, उद्योग और बिजनेस मैनेजमेंट को लोग पढ़ सकते हैं तो कृषि मैनेजमेंट को क्यों नहीं पढ़ सकते? मैं कृषि मंत्री जी से...

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा): अब आप खत्म कीजिये।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव: मैं एक बात कहकर अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं।

यदि सचमुच में आप किसानों की मदद करना चाहते हैं तो किसानों की श्रेणियों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है। अगर पंजाब का किसान अपने खेतों में खाद देगा तो वह तीन फसल लेगा। लेकिन अगर बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उड़ीसा का किसान एक बार अपने खेतों में खाद देगा तो वह एक ही फसल लेगा।

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

खाद भी तभी दे सकेगा अगर पानी है अगर पानी नहीं है तो वह खाद भी नहीं दे सकेगा। तो इसको देखते हुए आप किसानों की चीजों की कीमत कैसे तय करेंगे ? एक जगह के किसान के लिये कोई मूल्य लाभकारी हो सकते हैं लेकिन वही दूसरे के लिये लाभकारी नहीं हो सकते । तो ये चीजें हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है । तो इसमें ऐसे लोगों को जिनको इसकी अनुभूति है, इसकी जानकारी है, ऐसे कुछ लोगों को जोड़ेंगे या फिर एयर कंडीशन्ड में रहने वाले जो किताब के द्वारा किसान को पढ़ने वाले हैं, किताब के द्वारा मूल्य निर्धारण करने वाले हैं, जो आज तक करते आ रहे हैं इसमें उनको ही जोड़ेंगे क्या ? इसलिए मैंने पहले सवाल आप से पूछा था कि आयोग में किसानों के प्रतिनिधि बड़े, छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों के प्रतिनिधि जोड़े जाएं अगर इन के प्रतिनिधियों को उस में जोड़ पाते हैं तो कुछ कर पाएंगे अन्यथा नहीं इस एयर कंडीशंड से निकलने के बाद वे किसी कृषि यूनीवर्सिटी में एयर कंडीशंड में चले जाएंगे । इसलिए मैं कहता हूं कि आई०सी०ए०आर० का विद्वान आज भी गांव में जाने के लिए तैयार नहीं हैं, किसी के साथ गांव में रहने के लिए तैयार नहीं हैं, किसान को समझने के लिए तैयार नहीं है और किसान भी उस विद्वान को समझने में असमर्थ हो जाता है । इन दोनों में इस तरह से समन्वय नहीं हो पाता है । मान्यवर, जब तक इन दोनों का समन्वय और कृषि मूल्य आयोग का किसानों के साथ समन्वय नहीं होगा किसानों को अपनी उपज का उचित दाम नहीं मिल सकेगा । इसलिए मैं समझता हूं कृषि मंत्री जी इस पर प्रकाश ही नहीं डालेंगे बल्कि व्यवस्था भी डालेंगे जिससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिल सकें ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, Sir, I welcome this short debate on agricultural prices. We have been debating this issue ever since Parliament came into existence, since 1952. In the past we had the farmers' forum of Members of Parliament. Even now Members of Parliament participate in organised groups and they work as lobbies for farming community in the country. In spite of the movement of farmers and farming community since long it is not strong enough to build its pressure on the policy-makers either at the Central level or at the State level. The problem of the farmer remains where it was since Independence. The problem is that the farmer gets very little to what he produces but he has to pay very high for what he purchases. Another phenomenon is that there is no parity—why parity?—there is no rational link between the prices of agricultural commodities, particularly the prices of food articles and the industrial goods or industrial commodities. There is also another phenomenon. There is no rational link or relationship between different agricultural commodities also in respect of prices. These are all various anomalies. For lack of time I cannot go into all these things. But I only point out that there is a failure of the Government in formulating a credible policy, an effective policy to bring justice to the farmer. The economy of the country depends upon the farmer. We have been saying it but we have been neglecting it. The backbone of the country is the farmer. So the farming community should get justice for the labours that it puts in. The various evaluations and assessments in regard to the cost and price that have been gone into somehow seem to have no relevance to the conditions of the farmer. If the rural sector where the majority of the people live and where the farming community dominate does not get justice at the hands of the Government, the overall economy will not grow.

Sir, we are in the Seventh Plan. According to indications, the Seventh Plan growth in agriculture may not exceed 3.5 per cent or 4 per cent, whatever may be our ambitions. The

main reason is that the farmers are not getting proper incentives at the hands of the Government. Government may be saying that they have been adopting a package of measures, subsidy in fertilizers, subsidy in electric power and fixation of support prices and purchase prices. All these things, the whole package of measures that the Government has been adopting from time to time has not solved the problem of the farmer. That is a fact of life. Therefore, I feel that the Government is oriented towards industry and big industry. Industry should grow. I am not against industry. But agriculture should not be neglected, which is the bedrock for industry and industrial growth. Agriculture supplies raw materials for industries. Therefore, the Government of India should reorient its policies towards agriculture and they should not regard some of the assistance or help they give as generosity bestowed on agriculturists. It is their duty to do that. The economy of the country cannot be strengthened, broadened, consolidated unless and until the rural sector is strengthened and in the rural sector farmers get justice, proper return for the produce they give to the market.

Having said that, since I have no time, I will take up one small issue, the dairy industry in India. Dairy is very important. It is an important activity. Milk is required for all people, especially for children. And we have been importing dairy products from EEC countries, as my friend is aware. We want the dairy industry to grow. It should be a subsidiary industry for agriculturists. But of late, I am told—if I am wrong, I must be corrected by the Minister—some big multinationals are trying to persuade EEC countries not to give aid in regard to dairy products to India. The reasons given by them are very very strange. There is an organisation, called the Netherlands Committee of India; I do no know the background of this organisation.

SHRI YOGENDRA MAKWANA : I can give you.

